6 दैनिक जागरण देहरादून/हरिद्वार, 3 दिसंबर, 2024 हरिद्वार ज

# बीएएमएस छात्रों को दी योग और आयुर्वेद की जानकारी

जागरण संवाददाता, रुड़की: क्वाड्रा इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद रुड़की में आयोजित कार्यक्रम में बीएएमएस छात्रों को योग और आयुर्वेद के बारे में जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि डा. रकम सिंह ने कहा कि आयुर्वेद पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्र बहुत गौरवशाली हैं। आयुर्वेद भारतीय प्राचीन चिकित्सा पद्धति है, जो समग्र स्वास्थ्य की गहन समझ प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आज विश्व स्तर पर आयुर्वेद में भारत की पहचान बढ़ी है। भारत आयुर्वेद में विश्वगुरु के रूप में नेतृत्व कर रहा है। कहा कि क्वाड्रा संस्थान की स्थापना मानव सेवा के उद्देश्य के लिए की गई है। क्वाड्रा संस्थान कोषाध्यक्ष अकलंक जैन ने भी आयुर्वेद के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर निदेशक डा. ऋषभ कुमार जैन, डा. कार्तिकेय सिंह, मनोज गोयल, संजय सैनी, डा. आशीष, डा. नेहा, डा. सौरभ चौहान, डा. रजनीकांत मौजूद रहे।

देहरादून | मंगलवार • 03.12.2024

अमर उजाला 02

# बीएएमएस के नए छात्रों के लिए हुआ परिचय कार्यक्रम

रुड़की। क्वाड्रा इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद रुड़की में नवप्रवेशित बीएएमएस बैच 2024-29 के छात्रों के लिए ट्रांजिशनल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रकम सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ. रकम सिंह ने कहा कि आयुर्वेद पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्र बड़े ही गौरवशाली हैं। कोषाध्यक्ष अकलंक जैन, प्रधानाचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार राणा ने कहा कि ट्रांजिशनल कार्यक्रम भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 15 दिवसीय घोषित कार्यक्रम है।

डॉ. अनित कुमार सैनी ने छात्रों को नियम, अनुशासन, महाविद्यालय के समस्त चिकित्सक शिक्षकों एवं वातावरण का परिचय कराया। इस मौके पर डीन डॉ. सौरभ कुमार ने भी विचार रखे। संचालन संस्कृति वर्मा व साहिल बिष्ट ने किया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. ऋषभ कुमार जैन, डॉ. कार्तिकेय सिंह, मनोज गोयल, संजय सैनी, डॉ. आशीष, डॉ. नेहा, डॉ. सौरभ चौहान, डॉ. रजनीकान्त, डॉ. मयंक बिश्नोई, डॉ. पारुल मौजूद रहे। संवाद